# भारतीय नौसेना ने किया औपनिवेशिक विरासत का त्याग

[स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस](#)

हाल ही में भारतीय नौसेना ने **पारंपरिक नौसैनिक प्रतीकों** का नाम परिवर्तित करके ध्वज पेश किये हैं, यह उनके द्वारा **ब्रिटिश औपनिवेशिक विरासत** को समाप्त करने के लिये एक महत्त्वपूर्ण कदम हैं।

- यह परिवर्तन राष्ट्रीय विरासत और आकांक्षाओं को बेहतर ढंग से प्रतिबिंबित करने के लिये अपनी नौसैनिक पहचान को पुनः परिभाषित करने हेतु **भारत के प्रयासों को रेखांकित करता** है।

## नामकरण में हालिया परिवर्तन क्या हैं?

- **नया नामकरण:** स्वदेशीकरण और राष्ट्रीय गौरव को प्रतिबिंबित करने के लिये, भारतीय नौसेना ने **'जैक'** का नाम बदलकर **'राष्ट्रीय ध्वज'** और **'जैकस्टाफ'** का नाम बदलकर **'राष्ट्रीय ध्वज स्टाफ'** कर दिया है।
- **पुराने नियम और उनकी उत्पत्ति:** **'जैक'** और **'जैकस्टाफ'** शब्द ब्रिटिश नौसैनिक इतिहास में गहनता से निहित हैं और ब्रिटिश नौसैनिक प्रथाओं के अवशेष के रूप में भारत समेत विश्व भर की नौसेनाओं द्वारा अपनाए गए हैं।
  - **'जैक'** आमतौर पर एक **ध्वज** को संदर्भित करता है, जबकि **'जैकस्टाफ'** एक **छोटा स्तंभ** है जिससे झंडे को फहराया जाता है, जो **जहाज़ के एक वितान** (**Bow Of a Ship**) पर स्थित होता है।
- **नियामक ढाँचा और वैधानिक संशोधन:** नामकरण में परिवर्तन को नौसेना अधिनियम 1957 द्वारा परिभाषित शक्तियों का लाभ उठाते हुए **"नौसेना के विनियम (औपचारिक, शर्तें और सेवा एवं विविध विनियमन) 1963"** में संशोधन के माध्यम से औपचारिक रूप दिया गया था।

## सशस्त्र बलों में अन्य प्रतीकात्मक परिवर्तन:

- **नौसेना के ध्वज में परिवर्तन:** सितंबर 2022 में भारतीय नौसेना ने ब्रिटिश-प्रेरित (British-Inspired) जॉर्ज क्रॉस को हटाकर एक नवीन नौसैनिक ध्वज अपनाया, जिसमें **जुड़वाँ सुनहरा बॉर्डर वाला एक नीला अष्टकोण, राष्ट्रीय प्रतीक और आदर्श वाक्य 'सत्यमेव जयते'** शामिल है।
  - यह ध्वज शिवाजी महाराज **की मुहर** से प्रेरित है, जो सभी आठ दिशाओं (चार कार्डिनल और चार इंटरकार्डिनल) में नौसेना की पहुँच का प्रतीक है।






//

- **नौसेना अधिकारियों के एपॉलेट (Epaulette) में बदलाव:** भारतीय नौसेना ने छत्रपति शिवाजी महाराज की मुहर से प्रेरित **नवीन वरिष्ठ अधिकारियों के एपॉलेट** का भी अनावरण किया है, जो औपनिवेशिक विरासत से एक विराम और **भारतीय समुद्री विरासत के उत्सव** का प्रतीक है, जिसमें नौसेना प्रमुख, वाइस एडमिरल तथा रियर एडमिरल के लिये विगत डिज़ाइन से आलावा भी पाँच अन्य संशोधन किये गए हैं।




- **मेस में नया ड्रेस कोड: भारतीय नौसेना** ने नौसेना की **मेस में कुर्ता-पायजामा की** शुरुआत करके अपनी विरासत को अपनाया है, जिसमें वरिष्ठ अधिकारी पारंपरिक पोशाक पहनने वाले पहले लोग हैं।
- **भारतीय सेना में बदलाव:** [भारतीय सेना](#) ने कार्यक्रमों, सेवानिवृत्ति समारोहों में **घोड़ा-बग्घी और रात्रिभोज में पाइप बैंड** जैसी **पारंपरिक प्रथाओं** को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करना शुरू कर दिया है।
- **महत्त्व:**
  - नौसैनिक प्रतीकों का नाम परिवर्तित करना तथा उनको पुनः डिज़ाइन करना **औपनिवेशिक संबंधों से दूरी** और **भारतीय संप्रभुता** एवं समुद्री विरासत को **पुनः स्थापित** करने, दोनों का संकेत देता है।
  - ये उपक्रम आज़ादी के 100वें वर्ष तक देश के विकास के लिये भारत के प्रधानमंत्री की **"पंच प्राण" प्रतिज्ञा** के अनुरूप हैं।

## राष्ट्रीय ध्वज:

- भारतीय राष्ट्र तिरंगे के डिज़ाइन का श्रेय काफी हद तक भारतीय स्वतंत्रता सेनानी **पिंगली वेंकैया (Pingali Venkayya)** को दिया जाता है।
- भारत का **पहला राष्ट्रीय ध्वज** संभवतः **7 अगस्त, 1906** को कोलकाता में पारसी बागान स्क्वायर (ग्रीन पार्क) में फहराया गया था।
- राष्ट्रीय ध्वज आयताकार आकार में होना चाहिये जिसकी **लंबाई व चौड़ाई क्रमशः 3:2 के अनुपात में होनी चाहिये।**
- **अनुच्छेद 51 A (a)** के अनुसार, भारत के प्रत्येक नागरिक का कर्त्तव्य होगा कि वह संविधान का पालन करे तथा उसके आदर्शों, संस्थानों, राष्ट्रीय ध्वज और राष्ट्रगान का सम्मान करे।
- एक व्यक्ति जो **राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम, 1971 के तहत** वर्णित निम्नलिखित अपराधों के लिये दोषी पाया जाता है, उसे **6 वर्ष तक** के लिये संसद एवं राज्य विधानमंडल के चुनावों में लड़ने के लिये अयोग्य घोषित किया जाता है। इन अपराधों में शामिल है-
  - राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करना।
  - भारत के संविधान का अपमान करना।
  - राष्ट्रगान गाने से रोकना या मना करना।

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा विगत वर्ष के प्रश्न

***??????????:***

**प्रश्न. भारत की ध्वज-संहिता, 2002 के अनुसार, भारत के राष्ट्रीय ध्वज के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये: (2023)**

**कथन-I:** भारत के राष्ट्रीय ध्वज का एक मानक आमाप 600 मि.मी. × 400 मि.मी. है।

**कथन-II:** ध्वज की लंबाई से ऊँचाई (चौड़ाई) का अनुपात 3 : 2 होगा।

**उपर्युक्त कथनों के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?**

(a) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है
(b) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
(c) कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है
(d) कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है

**उत्तर: (d)**

---

**प्रश्न. सीमा प्रबंधन विभाग निम्नलिखित में से किस केंद्रीय मंत्रालय का एक विभाग है? (2008)**

(a) रक्षा मंत्रालय
(b) गृह मंत्रालय
(c) नौवहन, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
(d) पर्यावरण और वन मंत्रालय

**उत्तर: (b)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/indian-navy-sheds-colonial-legacy